भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 8
जिसका उत्तर मंगलवार 02 फरवरी, 2021 को दिया जाना है

बीएचईएल का कार्यकरण

8. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड, कासरगोड, जोकि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम (सीपीएसयू) है, वह अब कार्य कर रहा है और कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का संवितरण किया जा रहा है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या केंद्र सरकार का इसका कार्यकरण पुन: आरंभ करने की कोई योजना है; और

(ग) बीएचईएल-ईएमएल के शेयरों को केंद्र सरकार से केरल सरकार को अंतरित करने की प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावेड़कर)

(क) से (ग): बीएचईएल-ईएमएल अनुसूची 'ग' का एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम है। इसका वेतन एवं मजदूरी भुगतान सहित दैनिक प्रचालन बीएचईएल-ईएमएल का एक कार्यात्मक मामला है। बीएचईएल-ईएमएल ने अपने कर्मचारियों को कुछ राहत भुगतान किए हैं।

केरल राज्य सरकार द्वारा बीएचईएल-ईएमएल में बीएचईएल के 51% शेयर को ₹ 1/- की लागत से अधिग्रहित करने की योजना शेयरधारकों में परिचालित की गयी है।

******